8219

श्री कुमार प्रणय, माननीय स०वि०स० से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या-18/2/3426 का उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्न	उत्तर प्रतिवेदन
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- 1. क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत सदर प्रखण्ड के कुतलुपुर पंचायत में गंगातट पर बसा हरीबाबु टोला से रामसिंह टोला तक का इलाका घनी आबादी क्षेत्र है; जिसका तटीय विस्तार लगभग 4-5 कि०मी० तक है; 2. क्या यह बात सही है कि उक्त वर्णित इलाके में बसे लोग गंगानदी के कटाव के कारण हर वर्ष विस्थापित होने को विवश हैं, साथ ही इनके जान-माल के नुकसान की खतरनाक स्थिति भी बनी रहती है; 3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड-1 में वर्णित तटीय इलाके पर कटाव निरोधी कार्य कराने का विचार रखती है; हाँ, तो कबतक, नहीं तो क्यों?	वस्तुस्थिति यह है कि मुंगेर जिलान्तर्गत सदर प्रखण्ड के कुतलुपुर पंचायत में हरीबाबु सिंह टोला से रामसिंह टोला गंगा नदी के बांये तट पर सनहा गोरगामा तटबंध के कि0मी0 13.00 से कि0मी0 17.00 के बीच नदी भाग में अवस्थित है। प्रश्नगत प्रभाग अंतर्गत रामसिंह टोला में बाढ़ 2023 पूर्व एवं कचहरी टोला में बाढ़ 2024 पूर्व कटाव निरोधक कार्य कराया गया है, जो प्रभावी है। हरीबाबु सिंह टोला में बाढ़ 2025 में नदी तट का आंशिक क्षरण हुआ है। जिसके सुरक्षार्थ कटाव निरोधक कार्य हेतु योजना तैयार कर आपदा प्रबंधन विभाग के समक्ष उपस्थापित है । स्वीकृति के उपरान्त इसका कार्यान्वयन कराया जा सकेगा ।

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25/वि0स0प्र0(क0)–05–145/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के लिये प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0–18/2/3426 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0प्र0(क0)–05–145/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0प्र0(क0)–05–145/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0प्र0(क0)–05–145/2026– 1247 पटना, दिनांक– 17/03/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

16.03.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव
16.03.26

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo